प्रेस नोट
दिनांक 10.09.2025

थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा जालसाजी करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मोतीगंज पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 165/2025 धारा 318 (4)/338/336 (3)/340 (2)/324 (4)/351 (3)/131 बीएनएस से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्तगण 1. वंशी लाल शुक्ला पुत्र रामचन्दर शुक्ला व 2. श्रीमती सरोज शुक्ला पत्नी वंशी लाल शुक्ला निवासीगण ग्राम डुढाव डमरिहवा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा को दबिश देकर उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

वादी सुरेश कुमार मिश्रा निवासी ग्राम वीरपुर पो0 व थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा द्वारा थाना मोतीगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि उसने वर्ष 2022 में विपक्षी वंशीलाल से जमीन खरीदी थी जिसपर बैनामा की तिथि से ही वादी काबिज हो गया था, किन्तु दिनांक 16.01.2025 को विपक्षी बंशीलाल द्वारा वही जमीन जिसे वादी ने खरीदा था उसे कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर अपनी पत्नी को दान कर दिया; जिसकी जानकारी होने पर वादी खेत में पहुँचा तो विपक्षीगण द्वारा एकराय होकर वादी को गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। वादी की तहरीर पर थाना मोतीगंज में नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 10.09.2025 को थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्तगण 1. वंशी लाल शुक्ला पुत्र रामचन्दर शुक्ला व 2. श्रीमती सरोज शुक्ला पत्नी वंशी लाल शुक्ला निवासीगण ग्राम डुढाव डमरिहवा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा को दबिश देकर उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. वंशी लाल शुक्ला पुत्र रामचन्दर शुक्ला नि0 ग्राम डुढाव डमरिहवा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा
02. महिला अभियुक्ता श्रीमती सरोज शुक्ला पत्नी वंशी लाल शुक्ला नि0 ग्राम डुढाव डमरिहवा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0 - 165/2025 धारा 318 (4)/338/336 (3)/340 (2)/324 (4)/351 (3)/131 बीएनएस थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा।

गिरफ्तार कर्ता टीम-

01. व0उ0नि0 रामभवन पासवान थाना मोतीगंज मय हमराह
02. उ0नि0 सत्यप्रकाश सिहं
03. उ0नि0 योगेन्द्र सिंह
04. म0का0 हंसा यादव।

मीडिया सेल, गोण्डा।